''उत्तराखण्ड सभी के लिए शिक्षा परिषद्''
राज्य परियोजना कार्यालय
ननूरखेड़ा, देहरादून (उत्तराखण्ड)
दूरभाष 0135– 2781941, 2781942
Website: http://ssa.uk.gov.in E-mail - spd-ssa-uk@.nic.in
Toll Free Number:- 1800-180-4132

राज्य परियोजना कार्यालय

आ0सं0:– रा0प0का0 / 204 / प्रशा0विज्ञ0 / 2022–23, दिनांक 09 मई 2022

विज्ञप्ति

राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड द्वारा समन्वयकों के कुल 84 रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया हेतु जारी विज्ञप्ति संख्याः रा0प0का0 / 06 / प्रशा0विज्ञप्ति / 2022–23 दिनांक 04 अप्रैल 2022 के क्रम में प्राप्त आवेदन पत्रों में से राज्य / जिला समन्वयक पद हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों की सूची, उनके शैक्षिक गुणांक एवं विस्तृत विवरण, अनर्ह पाये गये अभ्यर्थियों की अनर्हता के कारण सहित सूची तथा राज्य समन्वयक विधि पद अर्ह / अनर्ह अभ्यर्थियों की सूची समग्र शिक्षा की वेबसाइट https://ssa.uk.gov.in एवं विद्यालयी शिक्षा विभाग की वेबसाईट https://schooleducation.uk.gov.in पर अपलोड की गयी है।

उक्त सूची के संदर्भ में यदि किसी आवेदनकर्ता को कोई आपत्ति होने की दशा में अथवा औपबन्धिक रूप से स्वीकृत आवेदन पत्रों के संदर्भ में सम्बन्धित अभ्यर्थी इस विज्ञप्ति के प्रकाशन होने की तिथि से 07 दिनों के अन्तर्गत अपना प्रत्यावेदन / वांछित अभिलेख साक्ष्य सहित राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून को ई–मेल आईडी spd-ssa-uk@.nic.in अथवा डाक के माध्यम से प्रेषित कर सकता है। उक्त समय सीमा के पश्चात अन्य किसी भी प्रत्यावेदन / औपबन्धन समाप्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। विज्ञप्ति में प्रकाशित नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगी।

(बंशीधर तिवारी)
राज्य परियोजना निदेशक
समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।

पृ0सं0रा0प0का0 / 204 / प्रशा0विज्ञ0 / 2022–23,दिनांकित।
प्रतिलिपि :–

1. सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को दिनांक 10 मई 2022 के उत्तराखण्ड संस्करण में, जिसका राज्य के दोनों मण्डलों में व्यापक प्रचार–प्रसार हो, डी0ए0वी0पी0 दरों पर 10X10 वर्ग से0मी0 साईज में प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा बिल भुगतान हेतु दो प्रतियों में राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. सिस्टम एनालिस्ट, राज्य परियोजना कार्यालय को इस आशय के साथ कि उक्त विज्ञप्ति एवं सूची समग्र शिक्षा की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. एम0आई0एस0 समन्वयक, महानिदेशालय, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड को इस आशय के साथ कि उक्त विज्ञप्ति एवं सूची विद्यालयी शिक्षा की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(बंशीधर तिवारी)
राज्य परियोजना निदेशक
समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।